# शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: संभावनाएं और चुनौतियां

Devi Sahay Prajapat, Assistant Professor, Govt. College, Karauli, EMAIL- devisahayprajapat3@gamail.com

## सार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधुनिक शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी तकनीक के रूप में उभरा है। शिक्षा में AI का उपयोग शिक्षण और अधिगम प्रक्रियाओं को व्यक्तिगत, प्रभावी और सुलभ बना रहा है। यह तकनीक स्मार्ट क्लासरूम, अनुकूलित शिक्षण प्लेटफार्म, स्वचालित आकलन और डेटा.आधारित निर्णय लेने में व्यापक योगदान दे रही है। AI न केवल छात्रों के अधिगम को गति प्रदान करता है, बल्कि शिक्षकों को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने और नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने में भी मदद करता है।

हालांकि, AI के उपयोग से कई चुनौतियां भी सामने आती हैं। इनमें डेटा गोपनीयता, नैतिकता, डिजिटल असमानता, और शिक्षक.-छात्र संबंधों में मानवीय तत्व की कमी शामिल हैं। साथ ही, तकनीकी संसाधनों और प्रशिक्षण की कमी के कारण ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में AI का प्रभाव सीमित है। यह शोध इन संभावनाओं और चुनौतियों का विश्लेषण करते हुए यह समझने का प्रयास करेगा कि AI किस प्रकार शिक्षा प्रणाली को नया रूप दे सकता है। इसके साथ ही, यह उन समाधानों और रणनीतियों पर भी प्रकाश डालेगा, जो AI के प्रभावी और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने में सहायक हो सकते हैं।